# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–31 अगस्त 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की एक सौ पचीसवीं कड़ी में देशवासियों से अपने विचार साझां किए। उन्होंने कहा कि देश को स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। स्वदेशी पर ध्यान देना होगा।

**आने वाले दिनों में बहुत सारे त्योहारों की रौनक होगी। इन त्योहारों में आपको स्वदेशी की बात कभी भी भूलनी नहीं है। उपहार वही जो भारत में बना हो, पहनावा वही जो भारत में बुना हो, सजावट वही जो भारत में बने सामान से हो, और भी ऐसा बहुत कुछ। एक ही मंत्र 'वोकल फॉर लोकल', एक ही रास्ता 'आत्मनिर्भर भारत', एक ही लक्ष्य 'विकसित भारत'।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि त्यौहारों की खुशियों के बीच स्वच्छता पर जोर देते रहना चाहिए क्योंकि जहां स्वच्छता है, वहां त्योहारों का आनंद भी और बढ़ जाता है। प्रधानमंत्री ने मानसून के दौरान होनी वाली प्राकृतिक आपदा की चर्चा करते हुए कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में देश ने बाढ़ और भू–स्खलन का बड़ा कहर देखा है। श्री मोदी ने कहा कि संकट की इस घड़ी में स्थानीय लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, चिकित्सकों और प्रशासन ने हरसंभव प्रयास किए हैं।

प्रधानमंत्री ने डिजिटल ऐप प्रतिभा सेतु की चर्चा की। कहा कि–

**'प्रतिभा सेतु' में उन उम्मीदवारों का डेटा रखा गया है, जिन्होंने यूपीएससी की अलग–अलग परीक्षाओं के सभी चरण पास किए, लेकिन, अंतिम मेरिट लिस्ट में उनका नाम नहीं आ पाया। इस पोर्टल से प्राइवेट कंपनियां इन होनहार स्टुडेंट्स की जानकारी लेकर उन्हें अपने यहां नियुक्ति दे सकती हैं।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्रह सितंबर को विश्वकर्मा जयंती है। यह दिवस उन विश्वकर्मा बंधुओं को समर्पित है जो परंपरागत शिल्प, कौशल और ज्ञान–विज्ञान को अनवरत एक पीढी से दूसरी पीढी तक पहुंचा रहे हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में विमुक्त और घुमंतू जातियों के कल्याण के लिए आयोजित विमुक्त जाति दिवस समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने घोषणा की कि प्रदेश सरकार घुमंतू और विमुक्त जातियों के कल्याण के लिए एक विशेष बोर्ड का गठन करेगी। साथ ही इन जातियों के लोगों को आवास उपलब्ध कराने की योजना पर भी काम करेगी। उन्होंने कहा कि विमुक्त और घुमंतू जातियों को भी जमीन के पट्टे और मतदान की सुविधा दी जाएगी। वनटांगियों और मुसहरों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने उन्हें सभी प्रकार की योजनाओं से आच्छादित किया।

**1947 से लेकर के 2017 तक एक भी वनटागिया परिवार के अपने पक्के मकान नही थे| आज उन सब के पक्के मकान बन गयें है उनके लिए स्कूल बन गये है उनके लिए आंगनवाड़ी केंद्र बन गये है उनके लिए हॉस्पिटल बन गये है शासन के सभी प्रकार के योजनाओं से वो आच्छादित हुए है मुसहर सुविधाओं सें वो वंचित थे आज उनको सभी प्रकार कि सुविधाओं से युक्त किया गया है।**

इस अवसर पर प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण और मत्स्य मंत्री संजय निषाद भी मौजूद रहे।

**********

लखनऊ के गुंडबा थानाक्षेत्र के बेहटा बाजार क्षेत्र में आज एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो जाने से दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गये हैं। घायलों में दो की हालत गंभीर है उन्हें ट्रामा सेन्टर में भर्ती कराया गया है। लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख ने बताया कि एसडीआरएफ के साथ अग्निशमन और पुलिसबल राहत एवं बचाव कार्य में जुटा हुआ है। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि पुलिस और अग्निशमन के अधिकारी घटना के कारणों का पता लगा रहे हैं।

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिवार वालों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की हैं। उन्होंने मौके पर राहत कार्य में तेजी लाने की निर्देश दिए है।

**********

मथुरा सहित प्रदेश के लगभग सभी जिलों में राधा अष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। बरसाना के श्रीराधा रानी मंदिर में दर्शन–पूजन के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ रहा है। तड़के चार बजे से ही लाडलीजी के अभिषेक के साथ पूजन का सिलसिला जारी है। राधा अष्ठमी को लेकर शासन–प्रशासन की ओर से सभी जरूरी व्यवस्थाएं की गयी हैं। गोरखपुर के गीता वाटिका में भी राधा अष्टमी धूम–धाम से मनाई जा रही है। वहां पूजा–अर्चना और भजन कीर्तन का क्रम सुबह से चल रहा है।

**********

भगवान सूर्य की जयंती आज पूरे उत्साह के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर अयोध्या में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। वहां चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित सूर्यकुंड और सूर्य मंदिर मे पूजा–अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे है।

**********